Success Story No. 1

मण्डल का नाम	सामुदायिक वानिकी मण्डल, भिवानी
रेन्ज	सामुदायिक वानिकी रेन्ज, भिवानी
गाँव	भिड़ताना
जिला	जीन्द।
लाभार्थी	राजा सुपुत्र श्री मांगेराम।

श्री राजा सुपुत्र श्री मांगेराम गांव भिडताना, जिला जीन्द का स्थाई निवासी है। किसान के पास 7.5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है जिसमें पहले किसान द्वारा जो फसल ली जाती थी उसकी पैदावार कम होती थी। वर्ष 2013 में उक्त किसान द्वारा अपनी 3.5 एकड़ भूमि में क्लोन सफेदे के पौधे लगाए गए। पहले वर्ष किसान ने कपास और गेहूं की फसल बोई जिससे किसान को 65 हजार की आमदनी हुई तथा अगले वर्ष पशुओ के लिए ज्वार की फसल बोई। अब किसान के खेत में लगे सफेदे की मोटाई 65 से 68 सेंटीमीटर हो चुकी है तथा लम्बाई 50 से 60 फुट तक जा चुकी है। सफेदों की मौजुदा कीमत फिलहाल 4 लाख रूपए लग चुकी है, परन्तु कृषक का कहना है कि वह अभी इस कीमत पर वृक्ष नहीं बेचना चाहता और थोडा और इंतजार करके अच्छी कीमत की आस लगाए हुए है ताकि उसका मकान बन सके तथा बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवा सके जिससे उसके परिवार का भविष्य संवर सके। लाभार्थी किसान इस पौधारोपण से अत्यन्त खुश है तथा वन विभाग का हार्दिक धन्यवाद् करता है।

Success Story No. 2

मण्डल का नाम	सामुदायिक वानिकी मण्डल, भिवानी
रेन्ज	सामुदायिक वानिकी रेन्ज, भिवानी
गाँव	भिड़ताना
जिला	जीन्द।
लाभार्थी	दलबीर पुत्र श्री भीम सिंह।

श्री दलबीर पुत्र श्री भीम सिंह गांव भिडताना, जिला जीन्द का स्थाई निवासी है। किसान के पास 6 एकड़ कृषि योग्य भूमि है जिसमें पहले किसान द्वारा जो फसल ली जाती थी उसकी पैदावार कम होती थी। वन विभाग द्वारा करवाए जाने वाले पौधारोपण की जानकारी के बाद किसान ने अपनी 2.5 एकड़ भूमि में क्लोन सफेदे के पौधे लगाए गए। प्रथम 2 वर्ष किसान ने पौधारोपण के साथ फसल भी प्राप्त की जिससे किसानों को लगभग 2 लाख रूपये की आय प्राप्त हुई। लाभार्थी किसान ने इन सफेदा कलोन के पौधों को इस वर्ष 2017 में 2 लाख 70 हजार रूपए में बेच दिया तथा किसान का कथन है कि उसे इतनी आमदनी कभी फसल बेचकर भी नहीं है। इसके लिए लाभार्थी किसान वन विभाग का आभारी है तथा आशा करता है भविष्य में भी विभाग इस योजना को जारी रखेगा।

Success Story No. 3

मण्डल का नाम	सामुदायिक वानिकी मण्डल, भिवानी
रेन्ज	सामुदायिक वानिकी रेन्ज, भिवानी
गाँव	राजपुरा भैण।
जिला	जीन्द।
लाभार्थी	सत्यवान पुत्र श्री मंगतु राम

श्री सत्यवान पुत्र श्री मंगतु राम गांव राजपुरा भैण, जिला जीन्द का स्थाई निवासी है। किसान ने खेती के साथ–साथ अतिरिक्त आय के बारे में विचार किया तभी किसान के संज्ञान में आया कि वन विभाग, हरियाणा की सामुदायिक वानिकी विंग द्वारा कृषकों के खेतों में निःशुल्क क्लोन के सफेदों का पौधारोपण किया जाता है तदउपरांत किसान ने इस वन मण्डल की सामुदायिक वानिक रेंज, जीन्द से सम्पर्क किया तथा सामु0, वा0, जीन्द रेंज द्वारा वर्ष 2013–14 के दौरान किसान की 6 एकड़ भूमि में सफेदा क्लोन नं0 413 के पौधे लगाए गए। प्रथम वर्ष में किसान ने पौधारोपण के साथ कपास व गेहूं की फसल 20 मन प्रति एकड़ की दर से प्राप्त की। किसान ने इन क्लोन सफेदे के वृक्षों को नवम्बर 2015 में कटवा दिया तथा इन्हें बेचने से किसान को 7.5 लाख रूपए की आमदनी हुई, जिसमें से लगभग 2 लाख रूपए पेड़ कटवाने एवं जमीन को ठीक करने में लग गए। इस प्रकार केवल 2.5 वर्ष में किसान को लगभग 5.5 लाख रूपए की आमदनी हुई जो फसल बेच कर हुई आमदनी से अलग है। कृषक वन विभाग द्वारा करवाए गए पौधारोपण से अत्यन्त सन्तुष्ट है तथा विभाग का हार्दिक धन्यवाद् करता है।

Success Story No. 4

मण्डल का नाम	सामुदायिक वानिकी मण्डल, भिवानी
रेन्ज	सामुदायिक वानिकी रेन्ज, भिवानी
गाँव	भिड़ताना
जिला	जीन्द।
लाभार्थी	राजेन्द्र पुत्र श्री रामनारायण

श्री राजेन्द्र पुत्र श्री रामनारायण गांव भिडताना, जिला जीन्द का स्थाई निवासी है। किसान के पास 7.5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है जिसमें पहले किसान द्वारा जो फसल ली जाती थी उसकी पैदावार कम होती थी। वन विभाग द्वारा करवाए जाने वाले पौधारोपण की जानकारी के बाद किसान ने वर्ष 2013–14 के दौरान सामुदायिक वानिकी रेंज, जीन्द में आवेदन करके अपनी 2.5 एकड़ भूमि में क्लोन सफेदे के पौधे लगवाए। प्रथम 2 वर्ष किसान ने पौधारोपण के साथ फसल भी प्राप्त की जिससे किसानों को 65 हजार रूपये की आमदनी हुई। लाभार्थी किसान ने इन सफेदा कलोन के पौधों को जनवरी 2017 में 2 लाख 75 हजार रूपए में बेच दिया । उक्त किसान इस योजना से अत्यन्त सन्तुष्ट है तथा इसके लिए वन विभाग का आभारी है तथा आशा करता है भविष्य में भी विभाग इस योजना को जारी रखेगा।